# AnandNiketan
## Maninagar Campus

| Grade : V | Subject : Hindi | SECTION: |
|---|---|---|
| Date : | Periodic Test-I | Practice Worksheet |

| Syllabus for Periodic Test- 1 | Date : 28/6/19 | Notebook Submission- 10 Marks |
|---|---|---|
| **नवरंग**-:कविता १-तिरंगा,पाठ २-भीमराव की कमीज़<br>**व्याकरण**-१)भाषा,लिपि और व्याकरण २) वर्ण और शब्द | Written Test - 20 Marks | Subject Enrichment Activities :<br>Dictation- 15 Marks<br>ASL- 5 Marks |

**विभाग:क**

**प्रश्न:१) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

सेना किसी देश की शक्ति होती है | यह उसकी सुरक्षा की गारंटी होती है | सेना विदेशी आक्रमण का सामना करती है | सेना आंतरिक विद्रोहों और सांप्रदायिक दंगो को भी शांत करती है | प्राकृतिक विपदाओं के समय सेना अहम भूमिका निभाती है | जहाँ तक हो सकता है यह जान-माल को सुरक्षा प्रदान करती है | हमारी सेना के तीन मुख्य अंग हैं-थल सेना, वायु सेना और नौ सेना | सेना के तीनों अंगों में थल सेना सबसे बड़ी होती है | थल सेना के कमांडर को सेनाध्यक्ष कहते हैं | इनका रैंक 'जनरल' होता है | हम सब भारतवासी गर्व से कहते हैं, "जय जवान ! मेरा भारत महान !"

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लखिए:

१) सेना किसका सामना करती है ?

२) स्थल सेना के कमांडर को क्या कहते हैं ?

३)'विदेशी आक्रमण' में विशेषण शब्द कौन सा है?

४) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द गद्यांश से देखकर लिखिए- क ) अभिमान _________
ख ) ज़मीन __________

५) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए|

**प्रश्न:२) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

एक-एक उंगली से मिलकर,
बन जाता है हाथ |
एक-एक की ताकत देखो,
चलो हमारे साथ |

एक-एक बच्चा मिलता तो,
बन जाती कक्षा सारी |
एक-एक जब फूल खिला तो,
महक उठी सब फुलवारी |

- लता पंत

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

१) हाथ किस चीज़ का प्रतीक है और वह कैसे बनता है ?

२) फुलवारी कैसे महकती है ?

३) इस कविता से आपने क्या सीखा ?

४) दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द पद्यांश में से देख कर लिखिए: क) बालक ____________ ख ) पुष्प _________

५) कविता के कवि या कवयित्री का नाम लिखिए |


**विभाग:ख**

**प्रश्न:१) अ) अनुच्छेद लेखन:**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए:

१) मेरा भारत महान 　　　　 २) पिकनिक

**आ) चित्र देखकर दिए गए प्रश्नों के अनुसार उसका वर्णन अपने शब्दों में करिए :**



प्र-१ चित्र में लड़की क्या कर रही है ?

प्र-२ वह कहाँ जाना चाहती है ?

प्र-३ वह किसके साथ खेलना चाहती है ?

**विभाग:ग**

**प्रश्न:१) (अ) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|**

१) कमल -______ 　 २) माता -_______ 　 ३) सवेरा -______ 　 ४) मित्र - _______

**(आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

१) उदय ×_______________ 　 २) अनुकूल ×________________

३) खरा ×_______________ 　 ४) वीर ×__________________

५) हानि ×_______________ 　 ६) विद्वान ×_______________

**(इ) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण विच्छेद करिए -**

१) बच्चा - ______________________________

२) किरन - ______________________________

३) मदन -______________________________

४) टॉर्च -______________________________

५) किला - ______________________________

६) कमल - ______________________________

**(ई) शुद्ध शब्दों को पहचानकर खाली स्थान में लिखे -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) कोमल | कौमल | - | ________________ |
| २) हूँ | हूं | - | ________________ |
| ३) आशीर्वाद | आर्शीवाद | - | ________________ |
| ४) श्रीमति | श्रीमती | - | ________________ |
| ५) कृषी | कृषि | - | ________________ |
| ६) उज्ज्वल | ऊज्ज्वल | - | ________________ |

**(उ) नीचे लिखे निरर्थक शब्दों के सार्थक शब्द बनाइये :**

१) रभात -_____________ २) टफटाफ -_____________ ३) याँलिती-_______________

४) नरकदि -____________ ५) वरामभी - _____________ ६) ईकता- ________________

**प्रश्न:२) अ) दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटिए** :

(१) बछेंद्रीपाल ने हिमालय की चोटी पर पहुँचकर तिरंगा फहराया |

(२) मयंक को बाग में घूमना अच्छा लगता है |

(३) कल्पना चावला का जन्म हरियाणा में हुआ था|

(४) मुझे लाल टमाटर चाहिए |

(५) बुगाटी दुनिया की सबसे महंगी कार है |

(६) आकाश अपने मित्र के साथ दिल्ली का लालकिला देखने गया |

**(आ) दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखिए :**

(१) अक्ल का दुश्मन होना - _________________

(२) फूला न समाना -_______________________

(३) लोहा लेना - ____________________________

(४) कमर कसना - __________________________

**(इ) दिए गए शब्दों में उच्चारण के अनुसार अनुस्वार या अनुनासिक का उचित चिह्न लगाइए :**

१) बदर ___________ (२) दात ____________ ३) रग ________________

४) चादी __________ (५) आगन ___________ (६) गगा ______________

**(ई) संयुक्त व्यंजन और द्वित्व व्यंजन वाले शब्द छाँटकर अलग-अलग लिखिए -**

दिल्ली, त्रिनेत्र, रस्सी, श्रमिक, ज्ञान, थप्पड़, क्षमा, मिट्टी, विज्ञान, मक्का

**(उ) निम्नलिखित वाक्यों के आगे सही (√) अथवा गलत (×) का चिन्ह लगाइए:**

१) व्याकरण से हमें भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान नहीं होता | ___________

२) अँग्रेजी भाषा की लिपि देवनागरी है | ___________

३) भाषा के मुख्य तीन रूप हैं | ___________

४) बिजली का बिल लिखित भाषा का उदाहरण है | ____________

**विभाग:घ**

**प्रश्न:१) अ) दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये:**

[बया, वन्देमातरम, कमीज़, सूरज, गिलहरी ]


१) "लाओ भीम भाई,तुम्हारी ____________सिलने का काम मैं कर देती हूँ |"

२) _________ने आ चमकाया है |

३) _________ने मकड़ी के जाल से धागा बनाया |

४) हमारे देश का राष्ट्रीय गीत __________ है |

**(आ) मनचित्र को पूरा कीजए :**




**(इ) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए:**

राष्ट्रध्वज, माँ, गुलाम, राह

**प्रश्न:२ अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-**

१) भारत की आस क्या है ?

२) मकड़ी क्या काम करती है ?

३) रुई हमें किस पौधे से मिलती है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों के सविस्तार उत्तर लिखिए-**

१) कमीज़ बनाने के लिए मकड़ी ने क्या किया ?

२) तिरंगा हमारे मन मे क्या भाव जगाता है ?

**इ) निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर लिखिए-**

१) कविता 'तिरंगा' से आपने क्या सीखा?

******************